**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1215**
**दिनांक 09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**आयुष्मान कार्ड**

**1215. श्री बी. मणिक्कम टैगोर:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या निर्मित 28.45 करोड़ आयुष्मान कार्डों में लगभग 49 प्रतिशत कार्ड महिलाओं के हैं और कुल अधिकृत अस्पताल भर्ती में लगभग 48 प्रतिशत संख्या महिलाओं की है;
(ख) क्या आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत 12 करोड़ परिवारों के 55 करोड़ व्यक्तियों को कवर किया गया है, जबकि उक्त योजना को कार्यान्वित करने वाले कई राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों ने अपनी लागत पर लाभार्थी आधार का और विस्तार किया है;
(ग) क्या एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कुल लगभग 27,000 अस्पताल हैं;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ड) क्या उक्त योजना के अंतर्गत आयुष को भी शामिल करने की मांग की गई है; और
(च) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं।उठाए जाने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो. एस. पी. सिंह बघेल)**

(क) से (च): आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्वास्थ्य आश्वासन योजना है, जिसके तहत 12 करोड़ परिवारों के अनुरूप लगभग 55 करोड़ लाभार्थियों को मध्यम और विशिष्ट परिचर्या वाले अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है। जो भारत की निचली आबादी का 40% है। एबी-पीएमजेएवाई को कार्यान्वयन करने वाले राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों ने अपनी लागत पर लाभार्थी आधार का और विस्तार किया है।

05.02.2024 की स्थिति के अनुसार, देश भर में बनाए गए कुल 31.02 करोड़ आयुष्मान कार्डों में से सत्यापित व्यक्तियों में लगभग 49% महिलाएं हैं। इसके अलावा, इस योजना के तहत कुल 6.31 करोड़ अधिकृत अस्पताल दाखिलों में लगभग 48% महिलाएं हैं। 01.02.2024 की स्थिति के अनुसार, इस योजना के तहत लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए देश भर में कुल 28,102 अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है।

एबी-पीएमजेएवाई के साथ आयुष पैकेजों के अभिसरण के लिए कार्यान्वयन मॉडल में आयुष के विभिन्न पहलुओं जैसे पैकेज डिजाइन, पैकेज लागत, आयुष अस्पताल ऑन-बोर्डिंग, मानक उपचार दिशानिर्देश (एसटीजी), उपचार परिणामों की वस्तुनिष्ठ परिभाषा, वित्तीय निहितार्थ आदि पर चर्चा शामिल है। आयुष मंत्रालय और एनएचए के अलावा अन्य हितधारक इसे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में लागू कर रहे हैं।

*****